देश और समाज में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान: उनियाल

- उत्कृष्ट शोध करने वाले शिक्षक बेस्ट रिसर्चर व बेस्ट टीचर्स अवार्ड से सम्मानित

सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

वीर माधों सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय में उत्कृष्ट शोध करने वाले शिक्षकों को 'बेस्ट रिसर्चर अवार्ड' एवं 'बेस्ट टीचर्स अवार्ड' से सम्मानित किया गया। इस मौके पर विवि की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला गया। छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के सम्मान में सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी।

मंगलवार को कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने किया। उनियाल व कुलपति कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने डॉ. विनय कुमार पटेल को बेस्ट रिसर्चर अवार्ड से सम्मानित किया। वहीं, अखलेश सिंह, डा. राजेन्द्र कुमार भारती, डा. आशीष बगवारी, हिमांशी राठाअर, डा. कपिल कालरा को बेस्ट टीचर्स अवार्ड से सम्मानित किया। उनियाल ने कहा कि देश व समाज के विकास में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान है। आज भारत दुनिया में एक शक्तिशाली देश के रूप में खड़ा हो रहा है जो शिक्षकों के योगदान से ही सम्भव हुआ है। कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने कहा कि शिक्षकों को गर्व होना चाहिए कि वह समाज को शिक्षा देने का कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में विवि डिजीटली पॉवरड यूनिवर्सिटी के रूप में उभरेगा। प्रो0 सिंह ने शिक्षकों से शैक्षिक कार्यो को जिम्मेदारी व पूर्ण निष्ठा से करने का आह्वान किया।

इस मौके पर विवि के वित्त नियंत्रक बिक्रम सिंह जंतवाल, परीक्षा नियंत्रक डा. वीके पटेल, डा. मनोज पांडा, डा. विशाल रमोला समेत आदि मौजूद रहे।

शिक्षकों को सम्मानित करते काबीना मंत्री सुबोध उनियाल।

शिक्षकों को किया सम्मानित

देहरादून। उत्तराखंड राज्य बाल कल्याण परिषद ने बल भवन में शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में कंप्यूटर कक्ष के शिक्षक कुलदीप, वनिता, गीता को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद चित्रकला तथा सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें महत्वपूर्ण स्थान हासिल करने वालों को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अक्श, दूसरा स्थान छवि, एव तीसरा स्थान रोहन ने प्राप्त किया एवं सुलेख प्रतियोगिता में नंदनी प्रथम खुशी कुमारी दुसरा एव यश ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया । प्रारम्भ में वाल भवन की महासचिव पुष्पा मानस ने शिक्षक दिवस पर विस्तार से अपनी बात रखी। इस अवसर पर परिषद के जगदीश बावला, कविता दत्ता, आनन्द रावत, अमरीश बिष्ट शामिल रहे।